25/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज कहा कि रोईंग अनिनी राजमार्ग पर सड़क संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गत बुधवार को हुई लगातार भारी बारिश के कारण हुनली और अनिनी के बीच राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा बह जाने से सड़क संपर्क टूट गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू ने कहा हुनली और अनिनी के बीच राजमार्ग को हुए नुकसान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूँ। सड़क संपर्क की जल्द से जल्द बहाली के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है, क्योंकि यह सड़क दिबांग वैली को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है। इस बीच दिबांग वैली जिला मजिस्ट्रेट ने एक यातायात सलाह जारी कर यात्रियों से सड़क संपर्क बहाल होने तक यात्रा करने से बचने को कहा।

0000000000000000

चांगलांग जिला उपायुक्त विशाल साह ने बुधवार को जिले के विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मानसून की तैयारियों को लेकर एक बैठक की। बैठक में तैयारियों की समीक्षा करने के बाद जिला उपायुक्त ने संबंधित विभागों को मानसून के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अपने उपायों को और बढ़ाने को कहा।

उन्होंने मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने के लिए विभागों से आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार रखने, खाद्यान्नों का बफर स्टॉक रखने, बंद नालियों को साफ करने, त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का गठन करने, पुराने और कमजोर पेड़ों की पहचान कर उन्हें काटने या छंटाई करने, संचार के सभी चैनलों को 24X7 खुला रखने और असुरक्षित तथा संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने को कहा।

0000000000000000

विश्व मलेरिया दिवस पर आज नाहलगुन में आयोजित समारोह में स्वास्थ्य सेवा के निदेशक डॉ रिकेन रीना ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश में एक से नीचे अनुएल परासाईट इंडेक्स (ए पी आई) और पिछले सात वर्षों में मलेरिया से संबंधित शून्य मौतों के रिकॉर्ड दर्ज है। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. रीना ने निदेशालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बीमारी से निपटने के लिए मलेरिया जागरुकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व डी एच एस डॉ. एम लेगो ने एक आकर्षक मलेरिया नारा भी पेश किया। डॉ. लेगो ने टीम से अपनी सतर्कता और प्रतिबद्धता को बनाए रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने वोगस्टॉर मिस इंडिया 2024 की विजेता दुयिर एते को ताज जितने की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में दुयिर एते की यह उपलब्धि राज्य के युवाओं की विविध -प्रतिभा का एक उदाहरण है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खांडू ने लिखा, “दुयिर एते का वोगस्टार मिस इंडिया 2024 का ताज जितना अरुणाचल प्रदेश के लिए एक गर्व की बात है।

पेशे से वकील और वेस्ट सियांग जिले के आलो के दारका गांव की रहने वाली दुयिर एते की यह उपलब्धि हमारे राज्य के युवाओं की विविध प्रतिभा का एक उदाहरण है। गौरतलब है कि ब्यूटी पेजेंट राजस्थान के जयपुर में गत 11 से सोलह अप्रैल तक आयोजित की गई थी।

0000000000000000000

निर्वाचन आयोग ने भाजपा नेता नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले पर संज्ञान लिया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र भेजकर इस महीने की 29 तारीख को दिन में 11 बजे तक जवाब मांगा है। पत्र में आयोग ने निर्देश दिया है कि सभी मुख्य प्रचारक राजनीतिक संवाद के उच्च मानक स्थापित करें और आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें। कांग्रेस, सीपीआई और सीपीआई (एम) ने अपनी शिकायतों में श्री मोदी के राजस्थान के बासवाड़ा में दिए गए चुनावी भाषण पर आपत्ति व्यक्त की थी। वहीं भाजपा ने अपनी शिकायत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के केरल के कोट्टायम में दिए गए चुनावी भाषण पर आपत्ति जताई थी।

0000000000000000000

राष्ट्रीय मनवाधिकार आयोग-एनएचआरसी ने त्वरित फोरेंसिक जांचों के लिए देश में तकनीकी रूप से उन्नत प्रयोगशालाओं की संख्या बढाने की मांग की है। एनएचआरसी द्वारा आपराधिक न्याय प्रणाली सुधारों पर आयोजित एक बैठक में कहा गया कि जांच और फोरेंसिक जांच एक-दूसरे से अलग होने के बजाय एक प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए।

इस बैठक में, फोरेंसिक रिपोर्ट में होने वाली देरी, अभियोजन प्रणाली में सुधार, और आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रयोग होने वाली भाषा के सरलीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने भारत के पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में अगले पांच दिनों के दौरान गर्म हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की है। तटीय ओडिशा, पश्चिमी बंगाल, सिक्किम तथा कर्नाटक के अंदरूनी भागों में अत्यधिक गर्म हवाएं चलने की आशंका हैं। बिहार, झारखंड, तटीय आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भयंकर गर्मी के हालात बने रह सकते हैं।

दूसरी तरफ मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत में कल से 28 अप्रैल तक बारिश का अनुमान व्यक्त किया हैं। अरूणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। शनिवार और रविवार को पूर्वोत्तर भारत में बारिश के साथ तेज आंधी भी चल सकती है।

000000000000000000